भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 115**

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 01 दिसंबर, 2025

10 अग्रहायण, 1947 (शक)

**वेल्लोर में पुरातात्विक स्मारकों का संरक्षण और संवर्धन**

**115. श्री डी.एम.कथीर आनंद:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की वेल्लोर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुरातात्विक स्मारकों के संरक्षण एवं संवर्धन की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वेल्लोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में केंद्र संरक्षित स्मारकों को पर्याप्त निधि उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वेल्लोर किले को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास देश में केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों को गोद लेने एवं उनके संरक्षण में सरकारी-निजी भागीदारी वाले गैर-सरकारी संगठनों तथा सांस्कृतिक अनुसंधान संगठनों को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस योजना के अंतर्गत गोद लिए गए स्मारकों की सूची का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): वेल्लोर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार में 08 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। इन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह संसाधनों की आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। सभी स्मारक भलि-भांति परिरक्षित हैं। इन 08 स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और अनुरक्षण पर हुए खर्च का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग): विश्व धरोहर स्मारक के रूप में घोषित किए जाने वाले किसी भी स्थल को सर्वप्रथम विश्व धरोहर कंवेंशन के कार्यान्वयन के लिए परिचालित दिशानिर्देशों के अनुसार विनिर्दिष्ट उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्यों, मानदंड, अखंडता और प्रामाणिकता के आधार पर विश्व धरोहर की अनंतिम सूची में शामिल किया जाता है। अभी तक, वेल्लोर किले को विश्व धरोहर की अनंतिम सूची में शामिल करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारकों के लिए एडॉप्ट-ए-हेरिटेज 2.0 कार्यक्रम को अपनाने, निजी/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और गैर सरकारी संगठनों/न्यासों/समितियों आदि के साथ जुड़ने के लिए एक रूपरेखा बनाने के लिए दिनांक 4.9.2023 को शुरू किया गया था, ताकि पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाने और उन्हें पर्यटकों के अनुकूल बनाने के लिए संरक्षित स्मारकों में सभी सुविधधाएँ विकसित/प्रदान की जा सके। अब तक, इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 29 समझौता ज्ञापनों को मूर्त रूप दिया गया है, जिनका ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

अनुबंध-।

लोक सभा में दिनांक 01.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 115 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

पिछले पाँच वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान वेल्लोर लोक सभा क्षेत्र में 08 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और अनुरक्षण पर किए गए व्यय का विवरण।

| क्रम संख्या | स्मारक का नाम | वित्तीय वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 (दिनांक 25.11.2025 तक) |
| 1. | चोलेश्वर मंदिर, मेलपडी | 286699 | 1390 | 1334703 | 2095515 | 226349 | 182087 |
| 2. | सोमनाथ मंदिर, मेलपडी | 166784 | 305317 | 1772155 | 807660 | 241759 | 376410 |
| 3. | सुब्रमण्यम मंदिर, वल्लिमलाई | 142627 | 179407 | 197243 | 201872 | 223929 | 188537 |
| 4. | वल्लिमलाई की पहाड़ी पर जैन मूर्तियां और शिलालेख | 52392 | 0 | 69296 | 277260 | 0 | 0 |
| 5. | वेल्लोर, वेल्लोर | 735824 | 7287064 | 11577456 | 10119265 | 8378975 | 6780075 |
| 6. | जलकंटेश्वर मंदिर, वेल्लोर | 190929 | 2676655 | 440652 | 2442032 | 638176 | 640326 |
| 7. | वेल्लोर किले के अंदर पुरानी मस्जिद | 85612 | 268129 | 202043 | 141760 | 275180 | 172194 |
| 8. | रंगनाथ मंदिर, एरुक्कमपट्टू | 122022 | 4378 | 70167 | 728029 | 225940 | 163260 |

पिछले पाँच वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान वेल्लोर लोक सभा क्षेत्र में 08 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों के वैज्ञानिक परिरक्षण पर किए गए व्यय का विवरण।

| क्र.सं. | वैज्ञानिक उपचार और संरक्षण परियोजनाओं का नाम | वित्तीय वर्ष | किया गया व्यय |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकण्टेश्वर मंदिर, वेल्लोर, वेल्लोर जिले का वैज्ञानिक संरक्षण और परिरक्षण । | 2021-22 | 2609871 |
| 2. | सोमनाथ मंदिर, मेलपडी, वेल्लोर जिले का वैज्ञानिक संरक्षण और परिरक्षण । | 2023-24 | 930362 |

अनुबंध- II

लोक सभा में दिनांक 01.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 115 के भाग (घ) और (ड.) के उत्तर में संदर्भित विवरण

**एडॉप्ट-ए-हेरिटेज 2.0 कार्यक्रम के तहत किए गए समझौता ज्ञापनों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | स्मारक का नाम | इकाई | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | आगरा किला, आगरा (उत्तर प्रदेश) | ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन | उत्तर प्रदेश |
| 2. | महरौली पुरातत्व पार्क, दिल्ली | सभ्यता फाउंडेशन | दिल्ली |
| 3. | सफदरजंग मकबरा, दिल्ली | सभ्यता फाउंडेशन | दिल्ली |
| 4. | पश्चिमी मंदिर समूह, खजुराहो | ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन | मध्य प्रदेश |
| 5. | कैलाशनाथ मंदिर, कांचीपुरम (तमिलनाडु) | चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सीआईएफसीएल) | तमिलनाडु |
| 6. | सूर्य मंदिर, कोणार्क , पुरी ( ओडिशा ) | ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन | ओडिशा |
| 7. | एलीफेंटा गुफाएँ, रायगढ़ (महाराष्ट्र) | महेश एंटरप्राइजेज एंड इंफ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 8. | ऊपरी किला अगुआडा , गोवा | दृष्टि लाइफसेविंग प्राइवेट लिमिटेड | गोवा |
| 9. | पुराना किला , दिल्ली | सभ्यता फाउंडेशन | दिल्ली |
| 10. | कुतुब मीनार , दिल्ली | ईज़ माई ट्रिप फ़ाउंडेशन | दिल्ली |
| 11. | हुमायूँ का मकबरा, दिल्ली | सभ्यता फाउंडेशन | दिल्ली |
| 12. | जंतर मंतर | पावरलिंक्स ट्रांसमिशन लिमिटेड | दिल्ली |
| 13. | स्मारकों का समूह, हौज़ खास | टाटा पावर ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड | दिल्ली |
| 14. | उग्रसेन की बावली | ज़ी आकाश | दिल्ली |
| 15. | दिल्ली गेट | रेडटेप लिमिटेड | दिल्ली |
| 16. | कश्मीरी गेट और मोरी गेट | रेडटेप लिमिटेड | दिल्ली |
| 17. | भीमबेटका के शैलाश्रय | एचईजी लिमिटेड | मध्य प्रदेश |
| 18. | अजमेरी गेट | रेडटेप लिमिटेड | दिल्ली |
| 19. | मदरसा महमूद गवान | शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस | कर्नाटक |
| 20. | कमलापुर संग्रहालय | जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन | कर्नाटक |
| 21. | खान-ए - खाना का मकबरा | इंटर ग्लोब एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (इंडिगो) | दिल्ली |
| 22. | नजफ़ खान का मकबरा | सवास्दी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | दिल्ली |
| 23. | रणथंभौर किले के पद्मा और रानी तालाब | बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान |
| 24. | बाउड़ी अबानेरी | बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान |
| 25. | बाउड़ी नीमराना | बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान |
| 26. | कालिंजर किले में बूढ़ी-बूढा तालाब | बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 27. | 18 स्मारकों पर ऑडियो गाइड का विकास | रेसबर्ड टेक्नोलॉजीज | कई राज्य |
| 28. | लाल किला | डालमिया भारत लिमिटेड | दिल्ली |
| 29. | आगा खान महल | डीसीबी बैंक | महाराष्ट्र |

*****